

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र

(चित्रयुक्त विधि सहित)

उपाध्याय श्री पुष्कर मुनि जी

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र

(चित्रयुक्त : विधि सहित)

✦ सम्पादक ✦

उपाध्याय गुरुदेव

श्री पुष्कर मुनि जी महाराज

● प्रकाशक ●

श्री तारक गुरु जैन ग्रन्थालय

उदयपुर (राजस्थान)

✤ उपाध्याय श्री पुष्कर मुनि जी म. ✤
की जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रकाशित

✤ पुस्तक :

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र

✤ सम्पादक :

उपाध्याय गुरुदेव श्री पुष्कर मुनि जी म.

✤ दिशा-दर्शन :

आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी म.

✤ पूर्व पाँच संस्करण २०,०००

✤ षष्ठम् संस्करण ५२००

✤ प्रकाशक व प्राप्ति-स्थल :

श्री तारक गुरु जैन ग्रन्थालय

गुरु पुष्कर मार्ग, उदयपुर-३१३ ००१ (राजस्थान)

✤ मूल्य : लागत से अर्ध मूल्य
१० रुपया मात्र

दिशा दर्शन

आज का युग भौतिकवादी है। मानव भौतिकवाद की ओर द्रुतगति से दौड़ रहा है तथा अध्यात्मवाद को विस्मृत हो रहा है। वह त्याग से भोग की ओर लपक रहा है। अहिंसा से हिंसा की ओर झुक रहा है। अपरिग्रह से परिग्रह की ओर कदम बढ़ा रहा है। वस्तुतः मानव का यह अभियान आरोहण की ओर नहीं अवरोहण की ओर है, उत्थान की ओर नहीं पतन की ओर है, विकास की ओर नहीं विनाश की ओर है। यही कारण है कि भौतिक दृष्टि से अत्यधिक उन्नति करने पर भी मानव का हृदय धड़क रहा है, उसके अन्तर्मानस में शांति की लहरें तरंगित नहीं हो रही हैं।

जैनदर्शन मानव को अन्तर्दर्शन की प्रेरणा देता है। जैनदर्शन की प्रत्येक साधना अन्तर्दर्शन की साधना है। जो साधना अन्तर्दर्शन नहीं कराती वह साधना नहीं अपितु विराधना है।

आवश्यक जैन साधना का प्रमुख अंग है। जो अवश्य ही किया जाय वह आवश्यक है।[१] अथवा जो आत्मा को दुर्गुणों

१. अवश्यकर्त्तव्यमावश्यकम्। श्रमणादिभिरवश्यम् उभयकालं क्रियत इति भावः। —आवश्यक मलयगिरिवृत्ति

से हटाकर सद्गुणों के अधीन करे वह आवश्यक है।[1] या इन्द्रिय और कषाय जिस साधना से पराजित किये जायें वह आवश्यक है।[2]

अन्तर्दृष्टि साधक का लक्ष्य बाह्य पदार्थ नहीं होता। आत्म-शोधन ही उसकी साधना का लक्ष्य होता है। जिस साधना से आत्मा सहज व स्थायी सुख का अनुभव करे, कर्म मल को नष्ट कर, अजर अमर पद प्राप्त करे तथा सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र की अध्यात्म ज्योति जिससे जगमगाये उसे ही वह आवश्यक मानता है। अपनी भूलों को देखकर एवं उसके संशोधनार्थ कुछ न कुछ क्रिया करना आवश्यक है। प्रस्तुत शास्त्र उस आवश्यक क्रिया का विधान करता है अतः इसका नाम आवश्यक सूत्र है।

श्रमण हो, या श्रावक हो, दोनों के लिए प्रातः व सायंकाल आवश्यक करने का विधान है।[3] प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के श्रमणों के लिए यह अनिवार्य है कि वे नियमतः आवश्यक

---

१. गुणानां वश्यमात्मानं करोतीति।

२. ज्ञानादिगुणानाम् आसमन्ताद् वश्या इन्द्रिय-कषायादिभावशत्रवो यस्मात् तद् आवश्यकम्। —**आवश्यक मलयगिरिवृत्ति**

३. समणेण सावएण य, अवस्स कायव्वयं हवइ जम्हा।
अन्नो अहो-निसस्स य, तम्हा आवस्सयं नाम॥
—**आवश्यकवृत्ति, गा. २, पृ. ५३**

करें, यदि वे नहीं करते हैं तो श्रमण धर्म से च्युत हो जाते हैं। यदि दोष लगा है तो भी और दोष न लगा है तो भी अवश्य ही प्रतिक्रमण करना चाहिए क्योंकि प्रथम और चरम तीर्थंकर के शासन में प्रतिक्रमण सहित धर्म ही प्ररूपित किया गया है।[१] श्रावकों के लिए भी आवश्यक की जानकारी आवश्यक है। आवश्यक के छह प्रकार हैं[२] –

१. सामायिक – समभाव की साधना
२. चतुर्विंशतिस्तव – तीर्थंकर देव की स्तुति
३. वन्दन – सद्गुरुओं को नमस्कार
४. प्रतिक्रमण – दोषों की आलोचना
५. कायोत्सर्ग – शरीर के ममत्व का त्याग
६. प्रत्याख्यान – आहार आदि का त्याग

साधक के लिए सर्वप्रथम समता का पालन करना आवश्यक है। समता को अपनाये बिना सद्गुणों का विकास नहीं हो सकता और न अवगुणों से ग्लानि ही हो सकती है।

---

१. सपडिक्कमणो धम्मो, पुरिमस्स पच्छिमस्स य जिणस्स।
मज्झिमयाण जिणाण, कारणजाए पडिक्कमणं ॥
—आवश्यक निर्युक्ति, गा. १२४४

२. सामाइयं, चउवीसत्थओ, वंदणयं, पडिक्कमणं, काउसग्ग, पच्चक्खाणं। —अनुयोगद्वार

जब तक विषम भावों की ज्वालाएँ अन्तर्हृदय में दहकती रहेंगी तब तक वह वीतरागी पुरुषों के सद्गुणों का उत्कीर्तन नहीं कर सकता। अतः प्रथम आवश्यक सामायिक है। समता को अपनाने वाला साधक ही महापुरुषों के गुणों को आदर की निगाह से निहारता है और उन गुणों को जीवन में उतार सकता है, अतएव सामायिक के पश्चात् चतुर्विंशतिस्तव रखा गया है। गुण का महत्त्व समझ लेने के पश्चात् ही साधक गुणी के सामने सिर झुकाता है। भक्ति-भावना से विभोर होकर वन्दन करता है। वन्दन करने वाले साधक का हृदय नम्र होता है और जो नम्र होता है वह सरल होता है, सरल व्यक्ति ही कृत दोषों की आलोचना करता है अतः वन्दन के पश्चात् प्रतिक्रमण आवश्यक रखा गया है। भूलों को स्मरण कर उनसे मुक्ति पाने हेतु तन और मन की स्थिरता आवश्यक है। कायोत्सर्ग में तन और मन की एकाग्रता की जाती है, स्थिर वृत्ति का अभ्यास किया जाता है। जब तन और मन में स्थिरता होती है तभी प्रत्याख्यान किया जा सकता है। मन डाँवाडोल हो तो प्रत्याख्यान संभव नहीं है अतः प्रत्याख्यान को छठा स्थान दिया गया है। इस प्रकार आवश्यक की साधना के क्रम को रखा गया है जो कार्य-कारण भाव की शृंखला पर अवस्थित है और आत्म-साधना का अमोघ उपाय है।

पूर्व यह बताया जा चुका है कि प्रतिक्रमण यह चतुर्थ आवश्यक है। पर आजकल यह शब्द इतना अधिक प्रसिद्ध हो

गया है कि छहों आवश्यकों का प्रतिबोध कराता है। प्रतिक्रमण का अर्थ है—प्रमादवश शुभ योग से हटकर अशुभ योग को प्राप्त करने के पश्चात् पुनः शुभ योग को प्राप्त करना[1] तथा अशुभ योग को छोड़कर उत्तरोत्तर शुभ योग में रमण करना।[2]

मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और अप्रशस्त योग ये चार दोष साधना के क्षेत्र में अतीव भयंकर माने गये हैं। अतः साधक को इन दोषों के परिहार हेतु प्रतिक्रमण करना चाहिए। मिथ्यात्व को त्यागकर सम्यक्त्व को स्वीकार करना चाहिए। अविरति को छोड़कर व्रत अंगीकार करना चाहिए। कषाय से मुक्त होकर क्षमा, सरलता, निर्लोभता धारण करनी चाहिए, अप्रशस्त योगों को छोड़कर प्रशस्त योगों में रमण करना चाहिए।[3]

प्रतिक्रमण के (१) दैवसिक, (२) रात्रिक, (३) पाक्षिक, (४) चातुर्मासिक, और (५) सांवत्सरिक ये पाँच भेद

---

१. स्वस्थानाद्यन्यस्थानं प्रमादस्य वशादूगतः ।
तत्रैव क्रमणं भूयः प्रतिक्रमणमुच्यते ॥
—आवश्यक हारिभद्रीयावृत्ति से उद्धृत

२. प्रतिवर्तनं वा शुभेषु, योगेषु मोक्षफलदेषु ।
निःशल्यस्य यतेर्यत्, तद्वा ज्ञेयं प्रतिक्रमणं ॥
—आवश्यक सूत्र, पृ. ५५३/१

३. मिच्छत्त-पडिक्कमणं तहेव, असंजये य पडिक्कमणं।
कसायाणपडिक्कमणं, जोगाण य अप्पसत्थाणं ॥
—आवश्यक निर्युक्ति, गा. १२५०

भी किये गये हैं ।[१] और कालभेद की दृष्टि से प्रतिक्रमण के तीन भेद भी किये हैं–(१) अतीतकाल में लगे हुए दोषों की आलोचना करना, (२) वर्तमान में संवर कर दोषों से मुक्त होना, और (३) भविष्यकालीन दोषों से मुक्त होने के लिए प्रत्याख्यान करना ।[२] प्रतिक्रमण के द्रव्य और भाव रूप से दो भेद भी किये गये हैं–(१) द्रव्य प्रतिक्रमण, और (२) भाव प्रतिक्रमण । द्रव्य प्रतिक्रमण का अर्थ है उपयोगरहित, केवल परम्परा की दृष्टि से, यशःकामना की भावना से पाठों को बोलते जाना, पर उसका जीवन में आचरण नहीं करना । द्रव्य प्रतिक्रमण प्राणरहित शरीर के सदृश है जो जीवन में आलोक प्रदान नहीं कर सकता ।[३] भाव प्रतिक्रमण का अर्थ है उपयोग सहित वीतराग की आज्ञा के अनुसार, किसी भी प्रकार की लौकिक कामना से रहित होकर कर्ममल से मुक्त होने के लिए जीवन का

---

१. आवश्यक निर्युक्ति, गा. १२४७

२. आवश्यक, पृ. ५५१

३. जे इमे समणगुणमुक्क जोगी, छक्काय-निरणुकंपा, हया इव उद्दामा, गया इव निरंकुसा, घट्ठा, मट्ठा, तुप्पोट्ठा, पंडुरपड-पाउरणा, जिणाणमणाणाए सच्छंदं विहरिऊण उभओ कालं आवस्सयस्स उवट्ठंति, से तं लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं ।

—अनुयोगद्वार सूत्र

सिंहावलोकन करना[१] भाव प्रतिक्रमण है। वस्तुतः भाव प्रतिक्रमण ही साधना का सौन्दर्य है।

प्रतिक्रमण की साधना आध्यात्मिक साधना है। आत्मा मूलतः विशुद्ध है पर अनादि अनन्त काल से राग-द्वेष से ग्रसित होने का कारण अपने शुद्ध स्वरूप को विस्मृत हो गया है, जब वह उसे समझने का प्रयास करता है तब भी अनादि अभ्यासवश भूलें कर देता है, पर जब तक उन भूलों का मार्जन न हो तब तक विकास नहीं हो सकता, प्रतिक्रमण उन भूलों का मार्जन करता है और पुनः भूलें न करने के लिए सावधान करता है।

कितने ही मुमुक्षुओं की ओर से यह जिज्ञासा प्रस्तुत की जाती है कि प्रतिक्रमण में पुनरुक्तियाँ बहुत हैं। एक-एक पाठ अनेक बार बोला जाता है। यह प्रतिक्रमण में से पुनरुक्तियाँ निकाल दी जाएँ तो प्रतिक्रमण अधिक सुव्यवस्थित व उपयोगी हो सकता है। उत्तर में निवेदन है कि पुनरुक्ति दोष साहित्य में चुने हुए स्थलों पर ही माना गया है। निम्न स्थलों में पुनरुक्ति दूषण नहीं अपितु भूषण है—

---

१. जं णं इमे समणो वा समणी वा, सावओ वा, साविया या, तच्चित्ते, तम्मणे, तल्लेसे, तदज्झवसिए, तत्तिव्वज्झवसाणे तदट्ठोवउत्ते, तदप्पियकरणे, तब्भावणाभाविए, अन्नत्थ कत्थइ मणं अकरेमाणे उभओ कालं आवस्सयं करेंति, से तं लोगुत्तरियं भावावस्सयं।

—अनुयोगद्वार सूत्र

अनुवादादरवीप्सा,
भृषार्थविनियोग हेत्वसूयासु।
ईषत्संभ्रमविस्मय,
गणनस्मरणे न पुनरुक्तम्॥

प्रतिक्रमण यह एक स्मरण है, आत्म-चिन्तन है। यदि इसमें एक ही पाठ अनेक बार आता है तो वह दोष नहीं है, दूसरी बात विशेष ध्यान देने की यह है कि जो पाठ दूसरी बार आते हैं वे भी किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिये ही आते हैं।

प्रतिक्रमण का कालमान एक मुहूर्त्त का माना गया है। आगम साहित्य में यद्यपि काल की चर्चा नहीं है तथापि उत्तरवर्ती साहित्य में इस पर विचार किया गया है, जो शास्त्रीय दृष्टि से उचित भी है। छद्मस्थ की एकाग्रता की स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त प्रमाण है, अतः एकाग्रता की दृष्टि से यह काल निर्णय किया है। कितने ही आचार्यों की यह भी धारणा है कि जिनके काल के सम्बन्ध में आगमों में निर्णय नहीं है उनका काल अन्तर्मुहूर्त्त समझना चाहिए। जैसे—नमुक्कारसी, सामायिक आदि का। प्रतिक्रमण किस समय करना चाहिए, इस प्रश्न के उत्तर में कहा जा सकता है कि दिन की समाप्ति पर दैवसिक प्रतिक्रमण करना चाहिए और रात्रि के पूर्ण होने पर रात्रिक प्रतिक्रमण करना चाहिए। पक्ष के अन्त में पाक्षिक प्रतिक्रमण करना चाहिए, चार माह के पूर्ण होने पर

चातुर्मासिक प्रतिक्रमण करना चाहिए। वर्ष में चातुर्मासिक प्रतिक्रमण तीन बार आते हैं–प्रथम आषाढ़ी पूर्णिमा, द्वितीय कार्तिक पूर्णिमा, तृतीय फाल्गुनी पूर्णिमा। सांवत्सरिक प्रतिक्रमण वर्ष में एक बार आता है।

प्रतिदिन प्रातः सायंकाल को नियमित प्रतिक्रमण करना चाहिए। जिस मकान में प्रतिदिन झाडू लगाया जाता है वह मकान स्वच्छ रहता है। पर्वों के अवसर पर उसे विशेष झाड़ने की आवश्यकता नहीं रहती। यदि कहीं असावधानी से धूल जम जाती है तो वह साफ कर दी जाती है वैसे ही प्रतिदिन प्रतिक्रमण करने से आत्मा निर्मल रहती है, यदि कदाचित् सावधानी रखने के बावजूद भी कहीं पर स्खलना हो जाती है तो पाक्षिक, चातुर्मासिक और सांवत्सरिक प्रतिक्रमण से उसकी भी शुद्धि कर ली जाती है।

कई व्यक्तियों की यह भ्रान्त विचारधारा है कि प्रतिक्रमण तो उन्हें ही करना चाहिए, जिन्होंने बारह व्रत अंगीकार कर रखे हों। जिन व्यक्तियों ने बारह व्रत अंगीकार नहीं किये हैं उन्हें प्रतिक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि जब त्याग ही नहीं किया है तब प्रतिक्रमण किस बात का किया जाय ? किन्तु उनकी यह विचारधारा उचित नहीं है, चाहे व्रत ग्रहण किये हों या न किये हों तथापि प्रतिक्रमण करने से आत्म-निरीक्षण का सुनहरा अवसर मिलता है, त्याग के प्रति निष्ठा जाग्रत होती है। स्वाध्याय होने से मन और वाणी की भी

विशुद्धि होती है। प्रतिक्रमण एक ऐसा अनमोल रसायन है जिसका सेवन सभी के लिए हितावह है। जैन जगत् के ज्योतिर्धर आचार्य श्री हरिभद्र सूरि ने प्रतिक्रमण को तृतीय वैद्य की औषधि के समान बताया है[१] जो रोग होने पर लाभ करती है। रोग को नष्ट कर रोगी को स्वस्थ और प्रसन्न बनाती है तथा रोग न होने पर भी उसके सेवन से शरीर के कण-कण में ओज प्रदीप्त होता है। शरीर सशक्त और तेजस्वी बनता है।

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र के अनेक संस्करण विभिन्न संस्थाओं के द्वारा व व्यक्तिगत रूप से प्रकाशित होते रहे हैं तथापि प्रस्तुत संस्करण की अपनी मौलिक विशेषता है। शुद्ध पाठ, नयनाभिराम छपाई व सफाई तथा पाठों का व्यवस्थित क्रम। जो पाठ जहाँ पर बोला जाता है वहीं पर उसे उट्टंकित कर दिया गया है जिससे जिन जिज्ञासुओं को प्रतिक्रमण नहीं आता है, वे भी पुस्तक पढ़कर सहजतया प्रतिक्रमण कर सकते हैं। उन्हें इधर-उधर टटोलने की आवश्यकता नहीं है। जिज्ञासुओं की प्रबल प्रेरणा से प्रेरित होकर ही परम श्रद्धेय उपाध्याय श्री पुष्कर मुनि जी महाराज ने अन्य आवश्यक लेखन-कार्य में व्यस्त होकर भी समय निकालकर इसे तैयार

---

१. प्रतिक्रमणमप्येवं, सतिदोषे प्रमादतः।
तृतीयौषधकल्पत्वाद्, द्विसंध्यमथवाऽसति॥

—आवश्यक हारिभद्रीयावृत्ति

किया, तदर्थ जिज्ञासु वर्ग की ओर से मैं श्रद्धेय सद्गुरुवर्य के प्रति कृतज्ञता अभिव्यक्त करता हूँ। प्रस्तुत पुस्तक के चार संस्करण समाप्त हो गये, यह इसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। पंचम संस्करण की माँग दीर्घकाल से बनी हुई थी, इस संस्करण में यथास्थान आवश्यक चित्र देकर इसे और भी उपयोगी बना दिया गया है।

मुझे हार्दिक विश्वास है कि इस नई साज-सज्जा से युक्त प्रस्तुत **श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र** साधकों को अपने आप को परखने की प्रेरणा देगा तथा श्रद्धालुगण इससे लाभ उठायेंगे, विशेषतः युवक और बालक वर्ग। सुज्ञेषु किं बहुना।

—आचार्य देवेन्द्र मुनि

प्रकाशकीय

आज अपने स्नेही पाठकों के कर-कमलों में '**श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र**' का नव्य भव्य पुष्प अर्पित करते हुए महती प्रसन्नता है। '**श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र**' के अनेक संस्करण प्रकाशित हुए हैं पर इस संस्करण की अपनी अनूठी विशेषता है।

इसके सम्पादक हैं—उपाध्याय परम श्रद्धेय गुरुदेव श्री पुष्कर मुनि जी महाराज, जो स्थानकवासी समाज के जाने-माने प्रसिद्ध प्रवक्ता हैं, लेखक हैं, कवि हैं और हैं गम्भीर तत्त्व-चिन्तक। आपके द्वारा लिखित व सम्पादित दो सौ से भी अधिक पुस्तकें हिन्दी, गुजराती, राजस्थानी व संस्कृत भाषा में प्रकाशित हो चुकी हैं जो अत्यधिक लोकप्रिय सिद्ध हुई हैं। समयाभाव होने पर भी हमारी नम्र प्रार्थना पर श्रद्धेय सद्‌गुरुवर्य ने समय निकालकर प्रस्तुत पुस्तक का सम्पादन किया तदर्थ हम उनके आभारी हैं।

श्रद्धेय गुरुदेवश्री के सुयोग्य शिष्य आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी महाराज ने पुस्तक पर महत्त्वपूर्ण भूमिका लिखकर प्रतिक्रमण के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला है अतः उनके प्रति हृदय से आभार प्रदर्शित करना हम अपना कर्त्तव्य समझते हैं।

उदार अर्थ सहयोगी

धर्म प्रेमी परम् गुरुभक्त

स्व. श्री धनराज जी,

स्व. श्रीमती झमका बाई बांठिया

की पुण्य स्मृति में

श्री गुलाबचन्द जी, फूलचन्द जी,

सुहास जी, प्रशान्त जी, हर्षल जी,

रूपेश जी, प्रितेश जी बांठिया

पूना

मुद्रण की दृष्टि से पुस्तक को सर्वाधिक सुन्दर और चित्रयुक्त–सचित्र बनाने के लिए श्रीयुत् सम्माननीय श्रीचन्द जी सुराना ने जो प्रयास किया है वह भी भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही उन अर्थ-सहयोगियो को भी विस्मृत नहीं किया जा सकता जिनके मधुर सहकार से ही यह पुस्तक प्रकाश में आई है।

मन्त्री

तारक गुरु जैन ग्रन्थालय

गुरु पुष्कर मार्ग, उदयपुर (राजस्थान)

अनुक्रम

क्या ?	कहाँ ?
सामायिक सूत्र	१७
श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र	३३
परिशिष्ट	१२७

सामायिक सूत्र

सामायिक सूत्र और उसकी विधि —

[शान्त तथा एकान्त स्थान में भूमि का अच्छी तरह प्रमार्जन कर तथा शुद्ध आसन लेकर, गृहस्थ-वेश पगड़ी, पाजामा, कोट, कुर्त्ता आदि उतारकर, शुद्ध वस्त्र धोती एवं उत्तरासन धारण कर, मुख-वस्त्रिका बाँधकर, पूर्व अथवा उत्तर की ओर मुख करके बैठकर या खड़े होकर सामायिक सूत्र के पाठों को इस प्रकार बोले — चित्र संख्या १ देखें।]

सामायिक सूत्र

[नमस्कार मंत्र को तीन बार बोलें]

नमस्कार मंत्र

नमो अरिहंताणं ।

नमो सिद्धाणं ।

नमो आयरियाणं ।

नमो उवज्झायाणं ।

नमो लोए सव्व साहूणं ।

एसो पंच नमोक्कारो,

सव्व पाव प्पणासणो ।

मंगलाणं च सव्वेसिं,

पढमं हवइ मंगलं ॥

सम्यक्त्व सूत्र

अरिहंतो मह देवो,
जावज्जीवं सुसाहुणो गुरुणो ।
जिण-पण्णत्तं तत्तं,
इय सम्मत्तं मए गहियं ।।

[पंचिंदिय एक बार बोलें]

गुरु-गुण स्मरण सूत्र

पंचिंदिय-संवरणो,
तह नवविह-बंभचेर-गुत्तिधरो ।
चउव्विह-कसाय-मुक्को,
इअ अट्ठारस-गुणेहिं संजुत्तो ।।२।।

पंच-महव्वय-जुत्तो,
पंचविहायार-पालण-समत्थो ।
पंच-समिओ तिगुत्तो,
छत्तीस-गुणो गुरु मज्झ ।।३।।

[तिक्खुत्तो तीन बार बोलें]

गुरु-वन्दन सूत्र

तिक्खुत्तो

आयाहिणं पयाहिणं करेमि,

वंदामि, नमंसामि,

सक्कारेमि, सम्माणेमि

कल्लाणं, मंगलं,

देवयं, चेइयं

पज्जुवासामि

मत्थएण वंदामि।

[प्रस्तुत सूत्र से तीन बार गुरुदेव को वन्दन करें और आलोचना की आज्ञा लें तथा इस पाठ को एक बार बोलें।]

आलोचना सूत्र

आवस्सही इच्छाकारेण संदिसह भगवं !

इरियावहियं, पडिक्कमामि ? इच्छं।

इच्छामि पडिक्कमिउं ॥१॥

इरियावहियाए, विराहणाए ॥२॥

गमणागमणे, पाणक्कमणे

बीयक्कमणे,

हरियक्कमणे ॥३॥

ओसा-उत्तिंग-पणग-दग-

मट्टी-मक्कडा

संताणा-संकमणे ॥४॥

जे मे जीवा विराहिया ॥५॥

एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदि

चउरिंदिया, पंचिंदिया ॥६॥

अभिहया, वत्तिया, लेसिय

संघाइया, संघट्टिया,

परियाविया,

किलामिया, उद्दविया, ठाणाओ ठाणं संकामिया, जीवियाओ ववरोविया, तस्स मिच्छामि दुक्कडं ॥७॥

[तस्स उत्तरी एक बार बोलें]

उत्तरीकरण सूत्र

(कायोत्सर्ग की प्रतिज्ञा)

तस्स उत्तरी-करणेणं,

पायच्छित्त-करणेणं,

विसोही-करणेणं,

विसल्ली-करणेणं,

पावाणं-कम्माणं,

निग्घायणट्ठाए,

ठामि काउस्सग्गं ॥१॥

(चित्र के अनुसार खड़ी मुद्रा में आगार सूत्र बोलें)

[अन्नत्थ एक बार बोलें]

आगार सूत्र

अन्नत्थ ऊससिएणं, नीससिएणं,
खासिएणं, छीएणं, जंभाइएणं,
उड्डुएणं, वाय-निसग्गेणं,
भमलीए, पिंत्तमुच्छाए,
सुहुमेहिं अंग-संचालेहिं ॥१॥
सुहुमेहिं खेल-संचालेहिं,
सुहुमेहिं दिट्ठि-संचालेहिं ॥२॥
एवमाइएहिं आगारेहिं,
अभग्गो, अविराहिओ,
हुज्ज मे काउस्सग्गो ॥३॥
जाव अरिहंताणं, भगवंताणं,
नमुक्कारेणं न पारेमि ॥४॥
ताव कायं ठाणेणं, मोणेणं,
झाणेणं, अप्पाणं वोसिरामि ॥५॥

[पद्मासन आदि से बैठकर या खड़े होकर कायोत्सर्ग-ध्यान करें और ध्यान में "इरियावहिए" का पाठ "जीवियाओ ववरोविया"[1] तक मन में चिन्तन करें।]

["नमो अरिहंताणं" पढ़कर ध्यान खोलना और निम्न पाठ को एक बार बोलना।]

कायोत्सर्ग दोषापहार सूत्र

कायोत्सर्ग में आर्त्तध्यान,
रौद्रध्यान ध्याया हो,
और
धर्मध्यान, शुक्लध्यान
न ध्याया हो तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

---

१. एक लोगस्स का ध्यान भी करते हैं।

[लोगस्स एक बार बोलना]

चतुर्विंशतिस्तव सूत्र

(१)

लोगस्स उज्जोयगरे, धम्मतित्थयरे जिणे।
अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसं पि केवली ॥

(२)

उसभमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ॥

(३)

सुविहिं च पुप्फदंतं, सीअल-सिज्जंस-वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिं च वंदामि ॥

(४)

कुंथुं अरं च मल्लिं, वंदे मुणिसुव्वयं नमिजिणं च।
वंदामि रिट्ठनेमिं, पासं तह वद्धमाणं च ॥

(५)

एवं मए अभिथुआ, विहूय-रयमला पहीण-जरमरणा।
चउवीसं पि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयंतु ॥

(६)

कित्तिय-वंदिय-महिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा।
आरुग्ग-बोहिलाभं, समाहि-वरमुत्तमं दिंतु ॥

(७)

चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा।
सागर-वर-गंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥

[तिक्खुत्तो तीन बार बोलकर गुरु से या वे न हों तो भगवान की साक्षी से सामायिक की आज्ञा लेना और करेमि भंते एक बार बोलना ।]

प्रतिज्ञा सूत्र

करेमि भंते ! सामाइयं,
सावज्जं जोगं पच्चक्खामि।
जाव नियमं[२] पज्जुवासामि,
दुविहं तिविहेणं,
न करेमि, न कारवेमि,
मणसा, वयसा, कायसा,
तस्स भंते ! पडिक्कमामि,

---

२. 'जाव नियमं' के बाद जितनी सामायिक करनी हो, उतने ही मुहूर्त्त कहने चाहिए, जैसे – जाव नियमं मुहूर्त्त एक, मुहूर्त्त दो आदि।

निंदामि, गरिहामि,
अप्पाणं वोसिरामि।

[दाहिना घुटना भूमि पर टेककर, बायाँ घुटना खड़ा कर उस पर अंजलिबुद्ध "कमलपुष्पवत्" दोनों हाथ रखकर, प्रणिपात सूत्र-नमोत्थुणं दो बार पढ़ें। नमोत्थुणं में पहला सिद्धों का, दूसरा अरिहंतों का है। अरिहंतों के नमोत्थुणं में "ठाणं संपत्ताणं" के बदले "ठाणं संपाविउं कामाणं" पढ़ना चाहिए।] चित्र देखिए—

प्रणिपात सूत्र

नमोत्थुणं
अरिहंताणं, भगवंताणं,
आइगराणं, तित्थयराणं,
सयंसंबुद्धाणं, पुरिसुत्तमाणं
पुरिससीहाणं
पुरिसवर-पुंडरीयाणं,
पुरिसवर-गंधहत्थीणं,
लोगुत्तमाणं, लोग-नाहाणं,

लोग-हियाणं, लोग-पईवाणं,

लोग-पज्जोयगराणं,

अभयदयाणं, चक्खुदयाणं,

मग्गदयाणं, सरणदयाणं,

जीवदयाणं, बोहिदयाणं,

धम्मदयाणं, धम्मदेसयाणं, धम्मनायगाणं,

धम्मसारहीणं, धम्मवर-चाउरंत-चक्कवट्टीणं,

दीवो ताणं सरणगइपइट्ठा

अप्पडिहय-वर-नाण-दंसण-धराणं,

विअट्ट-छउमाणं,

जिणाणं, जावयाणं, तिण्णाणं, तारयाणं,

बुद्धाणं, बोहयाणं, मुत्ताणं, मोयगाणं,

सव्वन्नूणं, सव्वदरिसीणं, सिव-मयल-मरुय-

मणंत-मक्खय-मव्वावाह-मपुणराविति

सिद्धिगइ-नामधेयं, ठाणं[३] संपत्ताणं,

नमो जिणाणं जियभयाणं ।।

---

३. दूसरी बार के नमोत्थुणं में 'ठाणं संपाविउ कामाणं' कहना चाहिए।

[४८ मिनट तक अर्थात् सामायिक के काल में स्वाध्याय, धर्मचर्चा एवं आत्म-ध्यान करना चाहिए।]

सामायिक पारने की विधि

गुरु-वन्दन-सूत्र – तिक्खुत्तो तीन बार,

आचोचना सूत्र – इरियावही एक बार,

उत्तरीकरण सूत्र – तस्स उत्तरी एक बार,

आगार सूत्र – अन्नत्थ एक बार,

(पद्मासन आदि से बैठकर या खड़े होकर कायोत्सर्ग करना।)

कायोत्सर्ग में लोगस्स एक बार,

'नमो अरिहंताणं' पढ़कर ध्यान खोलना,

कायोत्सर्ग में दोषापहार सूत्र एक बार,

प्रगट रूप में लोगस्स एक बार,

(दाहिना घुटना टेककर बायाँ घुटना खड़ा कर, उस पर अंजलिबद्ध दोनों हाथ रखकर।)

[प्रणिपात सूत्र — नमोत्थुणं दो बार बोलें]

सामायिक समाप्ति सूत्र

ऐसे नवमें सामायिक व्रत के विषय में,
जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ —
सामायिक में मन, वचन, काय के
अशुभ योगों को प्रवर्त्ताये हों,
सामायिक की संभालना न की हो,
अधूरी पारी हो तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

× × ×

सामायिक में दश मन के, दश वचन के,
बारह काया के, इन बत्तीस दोषों में से
जो कोई दोष लगा हो
तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

× × ×

सामायिक में राज कथा, देश कथा
स्त्री कथा,[४] भक्त कथा;

---

४. श्राविकाएँ 'पुरुष कथा' बोलें।

इन चार कथाओं में से कोई विकथा की हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

× × ×

सामाइयं सम्मं काएणं,
न फासियं, न पालियं, न तीरियं, न किट्टियं
न सोहियं, न आराहियं,
आणाए अणुपालियं न भवइ,
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

[नवकार मंत्र नौ बार]

(इति सामायिक सूत्र)

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र

उपाध्याय पुष्कर मुनि

प्रतिक्रमण करने की विधि

[प्रतिक्रमण प्रारम्भ करने से पहले पूर्व दिशा में या उत्तर दिशा में यदि गुरुदेव विराजित हों तो गुरुदेव के सन्मुख होकर सामने बैठकर 'चउवीसत्थव' करना चाहिए।

इसकी विधि सामायिक की विधि के समान ही है। अंतर केवल इतना है कि 'करेमि भंते' के पाठ को नहीं बोलना चाहिए।

चउवीसत्थव के अनन्तर 'तिक्खुत्तो' पाठ तीन बार बोलकर, गुरुदेव को वन्दना करके गुरुदेव से प्रतिक्रमण करने की आज्ञा लेनी चाहिए। आज्ञा लेकर सर्वप्रथम श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र का प्रथम पाठ 'इच्छामिणं भंते' बोलें।]

उपक्रम सूत्र

इच्छामिणं भंते ! तुब्भेहिं-
अब्भणुण्णाए समाणे
देवसियं पडिक्कमणं ठाएमि
देवसिय-नाण-दंसण-
चरित्ताऽचरित
तवअइयार-चिंतणत्थं,
करेमि काउसग्गं।

[यहाँ 'तिक्खुत्तो' से तीन बार गुरु वन्दन कर, प्रथम आवश्यक की आज्ञा लें। नमस्कार मंत्र एक बार पढ़ें।]

नमस्कार सूत्र

नमो अरिहंताणं,
नमो सिद्धाणं,
नमो आयरियाणं,
नमो उवज्झायाणं,
नमो लोए सव्व साहूणं।

एसो पंच नमुक्कारो,

सव्व पाव प्पणासणो ।

मंगलाणं च सव्वेसिं,

पढमं हवइ मंगलं ॥

[करेमि भंते का पाठ एक बार बोलें]

सामायिक सूत्र

करेमि भंते ! सामाइयं,

सावज्जं जोगं पच्चक्खामि ।

जाव नियमं पडिक्कमणं पज्जुवासामि,

दुविहं तिविहेणं,

न करेमि, न कारवेमि,

मणसा, वयसा, कायसा,

तस्स भंते !

पडिक्कमामि, निंदामि, गरिहामि,

अप्पाणं वोसिरामि ।

संक्षिप्त प्रतिक्रमण सूत्र

इच्छामि ठामि काउसग्गं,
जो मे देवसिओ अइयारो कओ,
काइओ, वाइओ, माणसिओ,
उस्सुत्तो, उम्मग्गो,
अकप्पो, अकरणिज्जो,
दुज्झाओ, दुव्विचिंतिओ,
अणायारो, अणिच्छियव्वो,
असावग-पाउग्गो,
नाणे तह दंसणे,
चरित्ताचरित्ते,
सुए, सामाइए,
तिण्हं गुत्तीणं,
चउण्हं कसायाणं,
पंचण्हं अणुव्वयाणं, तिण्हं गुणव्वयाणं,
चउण्हं सिक्खावयाणं, बारसविहस्स सावग-धम्मस्स
जं खंडियं, जं विराहियं,
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

['तस्सउत्तरी' का पाठ बोलें]

उत्तरीकरण सूत्र

तस्स उत्तरी-करणेणं, पायच्छित्त-करणेणं, विसोहि-करणेणं, विसल्ली-करणेणं, पावाणं कम्माणं निग्घायणट्ठाए, ठामि काउस्सग्गं।

(यदि खड़े होकर ध्यान नहीं कर सकते हों तो पालथी लगाकर ध्यान मुद्रा में बैठें।)

आगार सूत्र

अन्नत्थ ऊससिएणं,
नीससिएणं, खासिएणं,
छीएणं, जंभाइएणं,
उड्डुएणं, वाय-निसग्गेणं,
भमलीए, पित्तमुच्छाए,
सुहुमेहिं अंग-संचालेहिं,
सुहुमेहिं खेल-संचालेहिं,
सुहुमेहिं दिट्ठि-संचालेहिं,
एवमाइएहिं, आगारेहिं,
अभग्गो, अविराहिओ,
हुज्ज मे काउसग्गो।

जाव अरिहंताणं, भगवंताणं, नमोक्कारेणं, न पारेमि, ताव कायं ठाणेणं, मोणेणं, झाणेणं, अप्पाणं वोसिरामि।

[पद्मासन आदि से बैठकर या खड़े होकर कायोत्सर्ग ध्यान करना।]

['काउसग्ग' में निम्न १९ अतिचारों के पाठ बोलना।]

चौदह ज्ञान के अतिचार

आगमे तिविहे पण्णत्ते तं जहा—सुत्तागमे, अत्थागमे, तदुभयागमे,

इस तरह तीन प्रकार आगम रूप ज्ञान के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

जं वाइद्धं, वच्चामेलियं, हीणक्खरं, अच्चक्खरं, पय-हीणं, विणय-हीणं, जोग-हीणं, घोस-हीणं, सुट्ठुदिन्नं, दुट्ठुपडिच्छियं, अकाले कओ सज्झाओ, काले न कओ सज्झाओ, असज्झाए सज्झाइयं, सज्झाए न सज्झाइयं,

भणतां, गुणतां, विचारतां,

ज्ञान और ज्ञानवन्त की आशातना की हो तो आलोऊँ।

सम्यक्त्व के पाँच अतिचार

अरिहंतो मह देवो, जावज्जीवं सुसाहुणो गुरुणो।
जिण-पण्णत्तं तत्तं, इय सम्मत्तं मए गहियं ॥१॥

परमत्थसंथवो वा, सुदिट्ठपरमत्थसेवणा वा वि।
वावण्णकुदंसणवज्जणा, य सम्मत्त-सद्दहणा ॥२॥

इस प्रकार श्रीसमकितरत्न पदार्थ के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

श्रीजिन वचन में शंका की हो,
पर-दर्शन की वांछा की हो,
धर्मफल के प्रति संदेह किया हो,
पर-पाखण्डी की प्रशंसा की हो,
पर-पाखण्डी का संस्तव (परिचय) किया हो,
तो मेरे सम्यक्त्वरूप रत्न पर
मिथ्यात्वरूपी रज-मैल लगा हो,
तो आलोऊँ।

(बारह व्रतों के साठ अतिचार)

पहला स्थूल प्राणातिपात विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

रोषवश गाढ़े बन्धन बाँधे हों,
गाढ़े घाव घाले हों,
अंगोपांग का छेदन किया हो,
अधिक भार भरा हो,
भक्त-पान का विच्छेद किया हो,
तो आलोऊँ।

× × ×

दूसरा स्थूल मृषावाद विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

सहसाकार– किसी पे झूठे आल दिये हों,
रहस्य (छानी) बात प्रगट की हो,
स्त्री-पुरुष का मर्म प्रकाशित किया हो,
किसी को मिथ्या उपदेश दिया हो,
झूठे लेख लिखे हों,
तो आलोऊँ।

× × ×

तीसरा स्थूल अदत्तादान विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

चोर की चुराई वस्तु ली हो,
चोर को सहायता दी हो,

राज्य-विरुद्ध किया हो,
झूठा तोल, झूठा माप किया हो,
वस्तु में भेल-संभेल किया हो,
तो आलोऊँ।

× × ×

चौथा स्थूल स्वदारसंतोष परदारविवर्जनरूप मैथुन विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

इत्वरिक—परिगृहीता से गमन किया हो,
अपरिगृहीता से गमन किया हो,
अनंगक्रीड़ा की हो,
पर-विवाह कराया हो,
काम-भोग की तीव्र अभिलाषा की हो,
तो आलोऊँ।

× × ×

पाँचवाँ स्थूल परिग्रह-परिमाण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

क्षेत्र-वास्तु के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,
हिरण्य-सुवर्ण के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

धन-धान्य के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

द्विपद-चतुष्पद के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

कुप्य (घर बिखेरी) के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

तो आलोऊँ।

× × ×

छट्ठा दिशा परिमाण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

ऊर्ध्व दिशा के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

अधो दिशा के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

तिर्यक् दिशा के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

क्षेत्र वृद्धि की हो,

क्षेत्र परिमाण के विस्मृत हो जाने से क्षेत्र परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

तो आलोऊँ।

× × ×

सातवाँ उपभोग-परिभोग परिमाण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

सचित्त का आहार किया हो,

सचित्त प्रतिबद्ध का आहार किया हो,

अपक्व का आहार किया हो,

दुष्पक्व का आहार किया हो,

तुच्छ औषधि का आहार किया हो,

तो आलोऊँ।

यह तो भोजन के अतिचार कहे।

अब कर्त्तव्य के अतिचार कहता हूँ—

इङ्गाल-कम्मे, वण-कम्मे, साडी-कम्मे,

भाडी-कम्मे, फोडी-कम्मे,

दन्त-वाणिज्जे, लक्ख-वाणिज्जे,

रस-वाणिज्जे, केस-वाणिज्जे, विस-वाणिज्जे

जंतपीलणिया-कम्मे, निल्लंच्छणिया-कम्मे,

दवग्गिदावणिया-कम्मे

सर-दह-तलाव-सोसणिया-कम्मे,

असइजण-पोसणिया-कम्मे,

इन कर्मादानों में से किसी कर्मादान का सेवन किया हो,

तो आलोऊँ—

× × ×

आठवाँ अनर्थदण्ड विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

कन्दर्प की कथा की हो,

भाण्ड-कुचेष्टा की हो,

मुखरी (बिना प्रयोजन) वचन बोला हो,

अधिकरण जोड़कर रखे हों,

उपभोग-परिभोग अधिक बढ़ाए हों,

तो आलोऊँ।

× × ×

नवमें सामायिक व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

सामायिक में मन, वचन, काया के अशुभ योग प्रवर्ताये हों,

सामायिक की संभालना न की हो,

अधूरी पारी हो,

तो आलोऊँ।

× × ×

दशवाँ देशावकाशिक व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

मर्यादित सीमा के बाहर की वस्तु मँगाई हो,
अथवा बाहर वस्तु भेजी हो,
शब्द करके चेताया हो,
रूप दिखाकर अपना भाव प्रकट किया हो,
कंकर आदि फेंककर दूसरे को बुलाया हो,
तो आलोऊँ।

× × ×

ग्यारहवें प्रतिपूर्ण पौषध व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

पौषध व्रत में शय्या संथारे की प्रतिलेखना न की हो,
उसकी प्रमार्जना न की हो,
उच्चारपासवणभूमि की प्रतिलेखना न की हो,
उसकी प्रमार्जना न की हो,
पौषध व्रत का सम्यक् पालन न किया हो,
पौषध में निद्रा, विकथा, प्रमाद का सेवन किया हो,
जाते आवस्सही-आवस्सही न कहा हो,
आते निसिही-निसिही न कहा हो,

शक्रेन्द्र महाराज की आज्ञा न ली हो,

थोड़ी जगह पूंजकर घनी जगह परठा हो,

परठकर तीन बार वोसिरामि-वोसिरामि न कहा हो,

तो आलोऊँ।

× × ×

बारहवाँ अतिथि-संविभाग व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

सूज्झती वस्तु सचित्त पर रखी हो,

सचित्त वस्तु से ढँकी हो,

काल का अतिक्रमण किया हो,

(आप सूझते होते हुए दूसरे से दान दिराया हो)

अपनी वस्तु को दूसरे की बतलाई हो,

मत्सर भाव से दान दिया हो,

तो आलोऊँ।

× × ×

संलेखना के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

तं जहा — इहलोगासंसप्पओगे,

परलोगासंसप्पओगे,

जीवियासंसप्पओगे,

मरणासंसप्पओगे,

कामभोगासंसप्पओगे,

[मा मज्झ हुज्ज मरणंते वि सड्ढापरूवणम्मि अन्नहा भावो]

मारणान्तिक कष्ट के होने पर भी मेरी श्रद्धा प्ररूपणा में अन्तर आया हो,

तो आलोऊँ।

× × ×

अठारह पापस्थानक के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ —

(१) प्राणातिपात, (२) मृषावाद, (३) अदत्तादान, (४) मैथुन, (५) परिग्रह, (६) क्रोध, (७) मान, (८) माया, (९) लोभ, (१०) राग, (११) द्वेष, (१२) कलह, (१३) अभ्याख्यान, (१४) पैशुन्य, (१५) पर-परिवाद, (१६) रति-अरति, (१७) माया-मृषावाद, (१८) मिथ्यादर्शन शल्य।

इन अठारह पापस्थानों में से किसी का सेवन किया हो, कराया हो, करते हुए को भला जाना हो,

तो आलोऊँ।

संक्षिप्त प्रतिक्रमण सूत्र

इच्छामि ठामि पडिक्कमिउं, जो मे देवसिओ, अइयारो कओ, काइओ, वाइओ, माणसिओ, उस्सुत्तो, उम्मग्गो, अकप्पो, अकरणिज्जो, दुज्झाओ, दुव्विचिंतिओ, अणायारो, अणिच्छियव्वो, असावग-पाउग्गो, नाणे तह दंसणे, चरित्ताचरित्ते, सुए, सामाइए, तिण्हं गुत्तीणं, चउण्हं कसायाणं, पंचण्हं अणुव्वयाणं, तिण्हं गुणव्वयाणं, चउण्हं सिक्खावयाणं, बारसविहस्स सावग-धम्मस्स, जं खण्डियं, जं विराहियं, तस्स आलोउं।

[फिर नवकार मंत्र का चिन्तन कर प्रकट में 'नमो अरिहंताणं' पढ़कर कायोत्सर्ग को पाले।]

कायोत्सर्ग दोषापहार सूत्र

कायोत्सर्ग में आर्त्तध्यान,
रौद्रध्यान ध्याया हो, और
धर्मध्यान, शुक्लध्यान न ध्याया हो तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

[यहाँ प्रथम आवश्यक पूर्ण हुआ, अब दूसरे आवश्यक की गुरु वन्दना कर आज्ञा लें।]

[दूसरे आवश्यक में 'लोगस्स' बोलें]

चतुर्विंशतिस्तव सूत्र

लोगस्स उज्जोयगरे,
धम्मतित्थयरे जिणे।
अरिहंते कित्तइस्सं,
चउवीसं पि केवली ॥१॥
उसभमजियं च वंदे,
संभवमभिणंदणं च सुमइं च
पउमप्पहं सुपासं,
जिणं च चंदप्पहं वंदे ॥२॥

सुविहिं च पुप्फदंतं, सीअल-सिज्जंस-वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिं च वंदामि ॥३॥

कुंथुं अरं च मल्लिं, वंदे मुणिसुव्वयं नमिजिणं च।
वंदामि रिट्ठनेमिं, पासं तह वद्धमाणं च ॥४॥

एवं मए अभिथुआ, विहूय-रयमला, पहीण जरमरणा।
चउवीसं पि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयंतु ॥५॥

कित्तिय-वंदिय-महिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा।
आरुग्ग-बोहिलाभं, समाहि-वरमुत्तमं दिंतु ॥६॥

चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा।
सागर-वर-गंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥७॥

[यहाँ सामायिक चउवीसंथव दो आवश्यक पूरे हुए कहकर 'तिक्खुत्तो' से तीन बार गुरु वन्दन कर तीसरे आवश्यक की आज्ञा ले और दो 'इच्छामि खमासमणो' बोले।]

द्वादशावर्त गुरु-वन्दन सूत्र

इच्छामि खमासमणो !
वंदिउं,
जावणिज्जाए,
निसीहियाए।
(मुद्रा १)
अणु जाणह मे मिउग्गहं।
निसीहि,
(मुद्रा २)
अ हो का यं,
का य-संफासं।
खमणिज्जो भे किलामो।
अप्पकिलंताणं,
बहु-सुभेणं भे
दिवसो वइक्कंतो !
ज त्ता भे !
ज व णि ज्जं च भे ?
खामेमि खमासमणो !
देवसियं वइक्कमं।
आवस्सिआए पडिक्कमामि।
खमासमणाणं,

देवसियाए, आसायणाए, तित्तिसन्नयराए, जं किंचि मिच्छाए, मण-दुक्कडाए, वय-दुक्कडाए, काय-दुक्कडाए, कोहाए, माणाए, मायाए, लोहाए, सव्वकालियाए, सव्वमिच्छोवयाराए, सव्वधम्माइक्कमणाए, आसायणाए, जो मे देवसिओ अइयारो कओ, तस्स खमासमणो ! पडिक्कमामि, निंदामि, गरिहामि, अप्पाणं वोसिरामि।

खमासमणा की विधि

[प्रथम जहाँ 'निसीहियाए' शब्द आता है वहाँ दोनों घुटने खड़े करके हाथ जोड़कर बैठें, तथा छह आवर्त्तन करें, वे इस प्रकार हैं—प्रथम 'अ हो का यं का य' शब्द उच्चारण करते तीन आवर्त्तन होते हैं, जैसे—दोनों हाथ लम्बे कर हाथ की दसों अंगुलियाँ भूमि पर लगाकर तथा गुरु चरण स्पर्श करके '**अ**' अक्षर नीचे स्वर से कहें, फिर ऐसे ही दसों अँगुलियाँ अपने मस्तक पर लगाकर '**हो**' अक्षर ऊँचे स्वर से कहें, यह दोनों अक्षरों के कहने से प्रथम आवर्त्तन होता है, और इसी प्रकार '**का**' और '**यं**' दो उच्चारण करते समय द्वितीय आवर्त्तन होता है। इसी तरह '**का**' और

'**य**' दो अक्षरों के कहने से तृतीय आवर्त्तन होता है। फिर '**ज त्ता भे ज व णि ज्जं च भे**' के उच्चारण करने से तीन आवर्त्तन होते हैं। प्रथम '**ज**' अक्षर मन्द स्वर से, '**त्ता**' अक्षर मध्यम स्वर से और '**भे**' उच्च स्वर से, इस प्रकार तीनों अक्षरों के उच्चारण से प्रथम आवर्त्तन होता है और '**ज, व, णि**' इन तीनों अक्षरों को त्रिविध स्वर से उच्चारण करने से द्वितीय आवर्त्तन होता है तथा इसी तरह '**ज्जं, च, भे**' को भी त्रिविध स्वर से उच्चारण करने से तृतीय आवर्त्तन होता है। तीन, तीन, छह आवर्त्तन एक पाठ में बोलें और जहाँ '**तित्तीसन्नयराए**' शब्द आता है वहाँ खड़े होकर पूरे पाठ को समाप्त करें। इस प्रकार से द्वितीय 'खमासमणो' का पूरा पाठ बोलें, इसमें भी छहों आवर्त्तन पूर्वोक्त प्रकार से होते हैं।

इन दो 'खमासमणो' में बारह आवर्त्तन होते हैं। यहाँ यह ध्यान रखें कि दूसरे 'खमासमणो' में '**आवसियाए पडिक्कमामि**' इन दश अक्षरों को न बोलें, द्वितीय 'खमासमणो' को बैठे-बैठे ही पूर्ण करना चाहिए।

यहाँ सामायिक एक, चउवीसत्थव दो, वंदना तीन यह तीनों आवश्यक पूर्ण हुए। अब चौथे आवश्यक की तिक्खुत्तो से तीन बार गुरु-वंदन कर आज्ञा लें और निम्न पाठों को क्रमशः बोलें।

ज्ञानातिचार

आगमे तिविहे पण्णत्ते,
तं जहा—सुत्तागमे,
अत्थागमे, तदुभयागमे,

इस तरह तीन प्रकार आगम रूप ज्ञान के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

जं वाइद्धं, वच्चामेलियं, हीणक्खरं, अच्चक्खरं, पय-हीणं, विणय-हीणं, जोग-हीणं, घोस-हीणं, सुट्ठु दिन्नं, दुट्ठु पडिच्छियं, अकाले कओ सज्झाओ, काले न कओ सज्झाओ, असज्झाए सज्झाइयं, सज्झाए न सज्झाइयं, भणतां, गुणतां, विचारतां,

ज्ञान और ज्ञानवन्त की आशातना की हो तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

सम्यक्त्व के पाँच अतिचार

अरिहंतो मह देवो, जावज्जीवं सुसाहुणो गुरुणो।
जिण-पण्णत्तं तत्तं, इय सम्मत्तं मए गहियं ॥१॥

परमत्थसंथवो वा, सुदिट्ठपरमत्थसेवणा वा वि।
वावण्णकुदंसणवज्जणा, य सम्मत्त-सद्दहणा ॥२॥

इस प्रकार श्रीसमकितरत्न पदार्थ के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

श्रीजिन वचन में शंका की हो,
पर-दर्शन की वांछा की हो,
धर्मफल के प्रति संदेह किया हो,
पर-पाखण्डी की प्रशंसा की हो,
पर-पाखण्डी का संस्तव (परिचय) किया हो,
तो मेरे सम्यक्त्वरूप रत्न पर
मिथ्यात्वरूपी रज-मैल लगा हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

प्रथम अहिंसा व्रत के अतिचार

पहला स्थूल प्राणातिपात विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

रोषवश गाढ़े बन्धन बाँधे हों,
गाढ़े घाव घाले हों,
अंगोपांग का छेदन किया हो,
अधिक भार भरा हो,
भक्त-पान का विच्छेद किया हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

द्वितीय सत्य व्रत के अतिचार

दूसरा स्थूल मृषावाद विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

सहसाकार– किसी पे झूठे आल दिये हों,
रहस्य (छानी) बात प्रकट की हो,
स्त्री-पुरुष का मर्म प्रकाशित किया हो,
किसी को मिथ्या उपदेश दिया हो,

झूठे लेख लिखे हों, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

तृतीय सत्य व्रत के अतिचार

तीसरा स्थूल अदत्तादान विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

चोर की चुराई वस्तु ली हो,
चोर को सहायता दी हो,
राज्य-विरुद्ध किया हो,
झूठा तोल, झूठा माप किया हो,
वस्तु में भेल-संभेल किया हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

चतुर्थ ब्रह्मचर्य व्रत के अतिचार

चौथा स्थूल स्वदारसंतोष परदारविवर्जनरूप मैथुन विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

इत्वरिक–परिगृहीता से गमन किया हो,
अपरिगृहीता से गमन किया हो,

अनंगक्रीड़ा की हो,

पर-विवाह कराया हो,

काम-भोग की तीव्र अभिलाषा की हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

पंचम अपरिग्रह व्रत के अतिचार

पाँचवाँ स्थूल परिग्रह-परिमाण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ-

क्षेत्र-वास्तु के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

हिरण्य-सुवर्ण के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

धन-धान्य के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

द्विपद-चतुष्पद के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

कुप्य (घर बिखेरी) के परिमाण का अतिक्रमण किया हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

षष्ठ दिशा परिमाण व्रत के अतिचार

छट्ठा दिशा परिमाण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

ऊर्ध्व दिशा के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

अधो दिशा के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

तिर्यक् दिशा के परिमाण का अतिक्रमण किया हो,

क्षेत्र वृद्धि की हो,

क्षेत्र परिमाण के विस्मृत हो जाने से क्षेत्र परिमाण का अतिक्रमण किया हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

सप्तम उपभोग-परिभोग परिमाण व्रत के अतिचार

सातवाँ उपभोग-परिभोग परिमाण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

सचित्त का आहार किया हो,

सचित्त प्रतिबद्ध का आहार किया हो,

अपक्व का आहार किया हो,
दुष्पक्व का आहार किया हो,
तुच्छ औषधि का आहार किया हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।
यह तो भोजन के अतिचार कहे।
अब कर्त्तव्य के अतिचार कहता हूँ—
इङ्गाल-कम्मे, वण-कम्मे, साडी-कम्मे,
भाडी-कम्मे, फोडी-कम्मे,
दन्त-वाणिज्जे, लक्ख-वाणिज्जे,
रस-वाणिज्जे, केस-वाणिज्जे, विस-वाणिज्जे,
जंतपीलणिया-कम्मे, निल्लंच्छणिया-कम्मे,
दवग्गिदावणिया-कम्मे,
सर-दह-तलाव-सोसणिया-कम्मे,
असइजण-पोसणिया-कम्मे,
इन कर्मादानों में से किसी कर्मादान का
सेवन किया हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

अष्टम अनर्थदण्ड विरमण व्रत के अतिचार

आठवाँ अनर्थदण्ड विरमण व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

कन्दर्प की कथा की हो,
भाण्ड-कुचेष्टा की हो,
मुखरी (बिना प्रयोजन) वचन बोला हो,
अधिकरण जोड़कर रखे हों,
उपभोग-परिभोग अधिक बढ़ाए हों, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

नवम सामायिक व्रत के अतिचार

नवमें सामायिक व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

सामायिक में मन, वचन, काया के अशुभ योग प्रवर्ताये हों,
सामायिक की संभालना न की हो,
अधूरी पारी हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

दशम देशावकाशिक व्रत के अतिचार

दशवाँ देशावकाशिक व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

मर्यादित सीमा के बाहर की वस्तु मँगाई हो,

अथवा बाहर वस्तु भेजी हो,

शब्द करके चेताया हो,

रूप दिखाकर अपना भाव प्रकट किया हो,

कंकर आदि फेंककर दूसरे को बुलाया हो, तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

एकादश पौषध व्रत के अतिचार

ग्यारहवें प्रतिपूर्ण पौषध व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

पौषध व्रत में शय्या संथारे की प्रतिलखेना न की हो,

उसकी प्रमार्जना न की हो,

उच्चार-पासवण भूमि की प्रतिलेखना न की हो,

उसकी प्रमार्जना न की हो,

पौषध व्रत का सम्यक् पालन न किया हो,

पौषध में निद्रा, विकथा, प्रमाद का सेवन किया हो,

जाते आवस्सही-आवस्सही न कहा हो,

आते निसिही-निसिही न कहा हो,

शक्रेन्द्र महाराज की आज्ञा न ली हो,

थोड़ी जगह पूंजकर घनी जगह परठा हो,

परठकर तीन बार वोसिरामि-वोसिरामि न कहा हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

द्वादश अतिथि-संविभाग व्रत के अतिचार

बारहवाँ अतिथि-संविभाग व्रत के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

सूज्झती वस्तु सचित्त वस्तु पर रखी हो,

सचित्त वस्तु से ढँकी हो,

काल का अतिक्रमण किया हो,

(आप सूज्झते होते हुए दूसरे से दान दिराया हो)
अपनी वस्तु को दूसरे की बतलाई हो,
मत्सर भाव से दान दिया हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

संलेखना के अतिचार

संलेखना के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

तं जहा — इहलोगासंसप्पओगे,
परलोगासंसप्पओगे,
जीवियासंसप्पओगे,
मरणासंसप्पओगे,
कामभोगासंसप्पओगे,
[मा मज्झ हुज्ज मरणंते वि सड्ढापरूवणम्मि अन्नहा भावो]

मारणान्तिक कष्ट के होने पर भी मेरी श्रद्धा प्ररूपणा में अन्तर आया हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

अष्टादश पापस्थानक

अठारह पापस्थानक के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ–

(१) प्राणातिपात, (२) मृषावाद, (३) अदत्तादान, (४) मैथुन, (५) परिग्रह, (६) क्रोध, (७) मान, (८) माया, (९) लोभ, (१०) राग, (११) द्वेष, (१२) कलह, (१३) अभ्याख्यान, (१४) पैशुन्य, (१५) पर-परिवाद, (१६) रति-अरति, (१७) माया-मृषावाद, (१८) मिथ्यादर्शन-शल्य।

इन अठारह पापस्थानों में से किसी का सेवन किया हो, कराया हो, करते हुए को भला जाना हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

निन्यानवे अतिचार

चौदह ज्ञान के, पाँच सम्यक्त्व के, साठ बारह व्रतों के, पन्द्रह कर्मादान के, पाँच संलेखना के, इस प्रकार निन्यानवे अतिचारों के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

इन व्रतों में अतिक्रम-व्यतिक्रम, अतिचार-अनाचार सेवन किया हो, कराया हो, करते हुए को भला जाना हो, तो

तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

संक्षिप्त प्रतिक्रमण सूत्र

इच्छामि ठामि पडिक्कमिउं,
जो मे देवसिओ अइयारो कओ,
काइओ, वाइओ, माणसिओ,
उस्सुत्तो, उम्मग्गो,
अकप्पो, अकरणिज्जो,
दुज्झाओ, दुव्विचिंतिओ, अणायारो,
अणिच्छियव्वो, असावग-पाउग्गो,
नाणे तह दंसणे, चरित्ताचरित्ते,
सुए, सामाइए,
तिण्हं गुत्तीणं, चउण्हं कसायाणं,
पंचण्हं अणुव्वयाणं,
तिण्हं गुणव्वयाणं,

चउण्हं सिक्खावयाणं,
बारसविहस्स सावग-धम्मस्स
जं खण्डियं, जं विराहियं,
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

[यहाँ तीन बार 'तिक्खुत्तो' से गुरु-वन्दन कर श्रावक सूत्र की आज्ञा लें और निम्न पाठ खड़े-खड़े बोलें।]

समग्र अतिचार चिन्तन

तस्स सव्वस्स, देवसियस्स, अइयारस्स
दुब्भासियस्स, दुव्विचिंतियस्स,
दुच्चिट्ठियस्स, आलोयंते पडिक्कमामि।

[श्रावक सूत्र पढ़ते समय दाहिना घुटना ऊँचा करके और बायाँ घुटना नीचा करके बैठें।]

नमस्कार सूत्र

नमो अरिहंताणं,
नमो सिद्धाणं,
नमो आयरियाणं,
नमो उवज्झायाणं,
नमो लोए सव्व साहूणं।

एसो पंच नमोक्कारो, सव्व पाव प्पणासणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं॥

सामायिक सूत्र

करेमि भंते! सामाइयं,
सावज्जं जोगं पच्चक्खामि।
जाव नियमं पडिक्कमणं पज्जुवासामि,
दुविहं तिविहेणं,
न करेमि, न कारवेमि,
मणसा, वयसा, कायसा,
तस्स भंते! पडिक्कमामि,
निंदामि, गरिहामि,
अप्पाणं वोसिरामि।

मंगल सूत्र

चत्तारि मंगलं—
अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं,
साहू मंगलं, केवलि-पण्णत्तो धम्मो मंगलं।

चत्तारि लोगुत्तमा–
अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा,
साहू-लोगुत्तमा, केवलि-पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि,
अरिहंते सरणं पव्वज्जामि,
सिद्धे सरणं पव्वज्जामि,
साहू सरणं पव्वज्जामि,
केवलि-पण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

यह चार शरण दुःख हरण जगत में
और न शरणा कोई होगा।
जो भव्य प्राणी करे आराधन
उसका अजर अमर पद होगा॥

संक्षिप्त प्रतिक्रमण सूत्र

इच्छामि ठामि पडिक्कमिउं
जो मे देवसिओ अइयारो कओ,
काइओ, वाइओ, माणसिओ,
उस्सुत्तो, उम्मग्गो,
अकप्पो, अकरणिज्जो,

दुज्झाओ, दुव्विचिंतिओ, अणायारो,
अणिच्छियव्वो, असावग-पाउग्गो,
नाणे तह दंसणे, चरित्ताचरित्ते,
सुए, सामाइए,
तिण्हं गुत्तीणं, चउण्हं कसायाणं,
पंचण्हं अणुव्वयाणं,
तिण्हं गुणव्वयाणं,
चउण्हं सिक्खावयाणं,
बारसविहस्स सावग-धम्मस्स
जं खण्डियं, जं विराहियं,
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

आलोचना सूत्र

आवस्सही इच्छाकारेण संदिसह भगवं !
इरियावहियं, पडिक्कमामि ? इच्छं !
इच्छामि पडिक्कमिउं।
इरियावहियाए, विराहणाए।
गमणागमणे, पाणक्कमणे,
बीयक्कमणे, हरियक्कमणे।

ओसा-उत्तिंग-पणग-दग-मट्टी-
मक्कडा संताणा-संकमणे।
जे मे जीवा विराहिया।
एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया,
चउरिंदिया, पंचिंदिया।
अभिहया, वत्तिया, लेसिया,
संघाइया, संघट्टिया, परियाविया,
किलामिया, उद्दविया,
ठाणाओ ठाणं संकामिया,
जीवियाओ ववरोविया,
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

[यहाँ तीन बार 'तिक्खुत्तो' से गुरु-वन्दन कर "व्रत अतिचार शामिल पढ़ने की आज्ञा है" ऐसा कहकर निम्न पाठ बोलें।]

ज्ञानातिचार

आगमे तिविहे पण्णत्ते। तं जहा—सुत्तागमे, अत्थागमे, तदुभयागमे,

इस तरह तीन प्रकार आगम रूप ज्ञान के विषय में जो कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

जं वाइद्धं, वच्चामेलियं, हीणक्खरं, अच्चक्खरं,
पय-हीणं, विणय-हीणं, जोग-हीणं,
घोस-हीणं, सुट्ठुदिन्नं, दुट्ठुपडिच्छियं,
अकाले कओ सज्झाओ,
काले न कओ सज्झाओ,
असज्झाए सज्झाइयं,
सज्झाए न सज्झाइयं,
भुणतां, गुणतां, विचारतां,
ज्ञान और ज्ञानवन्त की आशातना की हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

सम्यक्त्व सूत्र

अरिहंतो मह देवो,
जावज्जीवं सुसाहुणो गुरुणो।
जिण-पण्णत्तं तत्तं,
इय सम्मत्तं मए गहियं ॥१॥
परमत्थसंथवो वा,
सुदिट्ठपरमत्थसेवणा वा वि।
वावण्णकुदंसणवज्जणा,
य सम्मत्त-सद्दहणा ॥२॥

इस प्रकार श्रीसमकितरत्न पदार्थ के विषय में जे कोई अतिचार लगा हो तो आलोऊँ—

श्रीजिन वचन में शंका की हो,
पर-दर्शन की वांछा की हो,
धर्मफल के प्रति संदेह किया हो,
पर-पाखण्डी की प्रशंसा की हो,
पर-पाखण्डी का संस्तव (परिचय) किया हो,
तो मेरे सम्यक्त्वरूप रत्न पर
मिथ्यात्वरूपी रज-मैल लगा हो, तो
तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

प्रथम अहिंसा अणुव्रत

पहला अणुव्रत— थूलाओ पाणाइवायाओ वेरमणं,
त्रस जीव-बेइंदिय, तेइंदिय, चउरिंदिय,
पंचिंदिय, जान के, पहचान के, संकल्प करके

स्व-सम्बन्धी शरीर में पीड़ाकारी सापराधी को छोड़ निरपराधी को मारने की बुद्धि से मारने का पच्चक्खाण जावज्जीवाए दुविहं तिविहेणं

न करेमि, न कारवेमि,

मणसा, वयसा, कायसा,

